Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 20 July 2024

Dainik Jagran
Page - 02

शैक्षणिक कार्य के लिए शिक्षकों को नहीं मिलेगी छुट्टी

गोष्ठि के शिक्षकों को अब लेनी पड़ेगी छुट्टी लीव कक्षाओं और परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए हुआ निर्णय

गोष्ठि ने कार्य अवधि अंतराल की लिये
- अब 21 जुलाई तक आवेदन अपलोड कर सकते हैं अभ्यर्थी
- 25 से शुरू होगी ऑनलाइन काउंसलिंग

रायल रेजिडेंसी में रोटरी क्लब आफ गोरखपुर युगल के पद ग्रहण समारोह में उपस्थित कुलपति प्रो. पूनम टंडन व अन्य। जागरण

Amar Ujala
Page - 07

किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप खेलने उज्बेकिस्तान जाएगा डीडीयू का छात्र

गोरखपुर विश्वविद्यालय में बीए पांचवें सेमेस्टर का छात्र है सन्नी सिंह

संवाद न्यूज एजेंसी

सन्नी सिंह।

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में बीए पांचवें सेमेस्टर के छात्र सन्नी सिंह का चयन तीसरे उज्बेकिस्तान वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के लिए हुआ है। फिलहाल गोरखपुर मंडल से चयनित होने वाले सन्नी इकलौते खिलाड़ी हैं। प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 29 सितंबर तक उज्बेकिस्तान में होगा।

उत्तर प्रदेश किक बॉक्सिंग संघ के महासचिव अरविंद शेरवालिया ने पत्र जारी कर इसकी पुष्टि की। किक बॉक्सिंग के अंडर-60 भार वर्ग में सन्नी प्रतिभाग करेंगे। पिछले प्रदर्शन और वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन की सिफारिश पर यह चयन हुआ है। फेडरेशन ने इसपर प्रसन्नता व्यक्त की है।

जिले के महादेवा बाजार निवासी सन्नी सिंह ने बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से यह किक बॉक्सिंग खेल रहे हैं। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिषद में ही अभ्यास करते हैं। पिता जीवधन सिंह किसान और मां पूनम सिंह गृहिणी हैं।

दो राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुका है

सन्नी ने अक्तूबर 2023 में उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण और जून 2024 में सिलिगुड़ी में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया था। उनके चयन पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन, डीएसडब्ल्यू प्रो. अनुभूति दुबे, क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष प्रो. विमलेश मिश्र, प्रो. प्रत्युष दुबे, डॉ. मनीष पांडेय, डॉ. राजवीर सिंह आदि ने बधाई दी है।

Hindustan
Page - 03, 05

चैंपियनशिप खेलने उजबेकिस्तान जाएगा डीडीयू का छात्र

किक बॉक्सिंग

डीडीयू का छात्र सन्नी सिंह।

- अंडर-60 भारवर्ग में प्रतिभाग करेंगे सन्नी
- गोरखपुर मंडल से चयनित होने वाले इकलौते खिलाड़ी

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में बीए पांचवें सेमेस्टर के छात्र सन्नी सिंह का चयन तीसरे उजबेकिस्तान वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के लिए हुआ है। फिलहाल, गोरखपुर मंडल से चयनित होने वाले सन्नी इकलौते खिलाड़ी हैं। प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 29 सितंबर तक उजबेकिस्तान में होगा। उत्तर प्रदेश किक बॉक्सिंग संघ के महासचिव अरविंद शेरवालिया ने पत्र जारी कर इसकी पुष्टि की। सन्नी किक बॉक्सिंग के अंडर-60 भारवर्ग में प्रतिभाग करेंगे। पिछले प्रदर्शन और वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन की सिफारिश पर यह चयन हुआ है। फेडरेशन ने इसपर प्रसन्नता भी व्यक्त की।

जिले के महादेवा बाजार निवासी सन्नी सिंह ने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से यह किक बॉक्सिंग खेल रहे हैं। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिषद में ही अभ्यास करते हैं। पिता जीवधन सिंह किसान और मां पूनम सिंह गृहिणी हैं। सन्नी ने बताया कि फिल्में देखकर उनको मार्शल आर्ट्स सीखने की इच्छा हुई। इसके बाद उन्होंने एक संस्था से जुड़कर इसकी ट्रेनिंग शुरू कर दी। सन्नी ने अक्तूबर 2023 में उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण और जून 2024 में सिलिगुड़ी में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया था।

उनके चयन पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन, डीएसडब्ल्यू प्रो. अनुभूति दुबे, क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष प्रो. विमलेश मिश्र, प्रो. प्रत्युष दुबे, डॉ. मनीष पांडेय, डॉ. राजवीर सिंह आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दीं।

Amar Ujala Select
Page - 04

डीडीयू : सेमिनार व शैक्षणिक कार्य के बहाने घूम नहीं पाएंगे शिक्षक

शिक्षकों को अब इयूटी लीव के साथ स्टेशन लीव भी लेना पड़ेगा

आज आएंगे परास्नातक प्रवेश परीक्षा के परिणाम

किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप खेलने उज्बेकिस्तान जाएगा डीडीयू का छात्र

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में पांचवें सेमेस्टर के छात्र सन्नी सिंह का चयन तीसरे उज्बेकिस्तान वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के लिए हुआ है। फिलहाल गोरखपुर मंडल से चयनित होने वाला सन्नी इकलौता खिलाड़ी है। प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 29 सितंबर तक उज्बेकिस्तान में होगा।

सेमिनार व शैक्षणिक कार्य के बहाने घूम नहीं पाएंगे शिक्षक

डीडीयू : शिक्षकों को अब इयूटी के साथ स्टेशन लीव भी लेनी पड़ेगी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के शिक्षकों को अब सेमिनार, कांफ्रेंस और शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्यों के लिए बाहर जाने से पहले कई बार सोचना पड़ेगा। किसी भी शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए यदि वे शिक्षण कार्य से दूर रहते हैं तो वे अन इयूटी नहीं भर पाएंगे, उनको अपनी छुट्टी लीव कटवानी पड़ेगी। ऐसा इसलिए कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने साफ किया है कि अन छुट्टी का कोई प्रावधान नहीं है।

इतना ही नहीं, शिक्षक अगर अपने विश्वविद्यालय में भी व्याख्यान, प्रैक्टिकल या खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय की टीम के साथ शहर के बाहर जाते हैं, तभी भी उन्हें छुट्टी लीव और स्टेशन लीव लेना होगा।

दरअसल, विश्वविद्यालय के कुछ शिक्षक दूसरे शहर में सेमिनार, व्याख्या, कांफ्रेंस या अन्य किसी शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए कई दिनों तक शहर से बाहर बिना स्टेशन लीव लिए रहते थे। इस दौरान वे खुद को अन इयूटी दिखा देते थे। इससे उनका अध्यापन कम नहीं होता था। ऐसा बार-बार होने की वजह से विश्वविद्यालय में कक्षाओं का संचालन, परीक्षा कार्य और अन्य गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं। इसी को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने अन छुट्टी की व्यवस्था को खत्म कर दिया है।

30 दिन की इयूटी लीव

प्रशासन के निर्देशानुसार, शिक्षक को पूरे सत्र में अधिकतम 30 दिनका का कार्यकारण (छुट्टी लीव) दिया जा सकता है, जिसमें शिक्षक विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित सभी प्रकार के कार्य करेंगे। किसी कार्यक्रम के लिए यदि वे बाहर जा रहे हैं तो भी छुट्टी लीव में ही गिनी जाएगी। किसी भी दशा में शिक्षक के शिक्षण दिवसों को कम नहीं किया जाएगा। शिक्षकों को स्टेशन छोड़ने से पहले अब कुलसचिव से अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। बहाना और विश्वविद्यालय के अन्य कार्यों में भी शिक्षकों को बदलकर कार्य किया जाएगा, ताकि शिक्षण कार्य प्रभावित न हो। बीते दिनों शीघ्रसमाप्तीय अवकाश के दौरान कई शिक्षक बिना सूचना के शहर से बाहर चले गए थे। बैठकों में कई डीन और विभागाध्यक्ष भी मौजूद थे, जिसपर कुलपति ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी।

Rashtriya Sahara Page - 05

किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप खेलने का सन्नी को मिला मौका

गोरखपुर(एसएनबी)। दीदउ गोविवि. के छात्र सन्नी सिंह को उज्बेकिस्तान में किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप खेलने का मौका मिला है। उसका चयन तीसरे उजबेकिस्तान वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के लिए हुआ है। 24 से 29 सितंबर तक उजबेकिस्तान में यह प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसके लिए गोरखपुर मंडल से चयनित होने वाला यह एकलौता खिलाड़ी है।

- डीडीयू में बीए पांचवें सेमेस्टर के छात्र हैं
- किक बॉक्सिंग के अंडर 60 भार वर्ग में करेंगे प्रतिभाग

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में बीए पांचवें सेमेस्टर के छात्र सन्नी सिंह का चयन तीसरे उजबेकिस्तान वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के लिए हुआ है। उत्तर प्रदेश किक बॉक्सिंग संघ के महासचिव अरविंद शेरवालिया ने पत्र जारी कर इसकी पुष्टि की। किक बॉक्सिंग के अंडर-60 भारवर्ग में सन्नी प्रतिभाग करेंगे। पिछले प्रदर्शन और वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन की सिफारिश पर यह चयन हुआ है। फेडरेशन ने इसपर प्रसन्नता भी व्यक्त की है।

सन्नी सिंह जिले के महादेवा बाजार के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से किक बॉक्सिंग खेल रहे हैं। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिषद में ही अभ्यास करते हैं। पिता जीवधन सिंह किसान और मां पूनम सिंह गृहिणी हैं। सन्नी ने बताया कि फिल्में देखकर उनको मार्शल आर्ट्स सीखने की इच्छा हुई। इसके बाद उन्होंने एक संस्था से जुड़कर इसकी ट्रेनिंग शुरू कर दी।

दो राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पा चुके हैं पदक : सन्नी ने अक्तूबर 2023 में उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण और जून 2024 में सिलिगुड़ी में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया था। उनके चयन पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन, डीएसडब्ल्यू प्रो. अनुभूति दुबे, क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष प्रो. विमलेश मिश्र, प्रो. प्रत्युष दुबे, डॉ. मनीष पांडेय, डा. राजवीर सिंह आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

आज आएंगे परास्नातक प्रवेश परीक्षा के परिणाम

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में परास्नातक प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम शनिवार को जारी हो जाएंगे। इसके बाद काउंसिलिंग को लेकर तैयारियां और तेज हो जाएंगी। 25 जुलाई से ऑनलाइन काउंसिलिंग होनी है।

स्नातक प्रवेश परीक्षा का परिणाम पहले ही जारी हो चुका है। शनिवार शाम तक परास्नातक परिणाम भी जारी हो जाएगा। सत्र-2023 की शोध पात्रता परीक्षा (रेट) 29 और 30 जुलाई को होगी। कुल 36 विषयों के लिए लगभग पांच हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इसके प्रवेश पत्र 23 जुलाई से डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो हर्ष सिन्हा ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी जो किसी कारणवश अपने इंटरमीडिएट या स्नातक अंतिम वर्ष की मार्कशीट अपलोड नहीं कर पाए हैं, वे 21 जुलाई तक प्रवेश पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। संवाद

डीडीयू पीजी प्रवेश परीक्षाओं का परिणाम आज होगा घोषित

गोरखपुर(एसएनबी)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश परीक्षा के परिणाम शनिवार को घोषित किए जायेंगे। इसके उपरांत अभिनव्यन काउंसिलिंग की प्रक्रिया 25 जुलाई से प्रारंभ होगी। विद्यार्थियों द्वारा पिछली कक्षाओं के अंकपत्र अपलोड करने का सिलसिला शुक्रवार को पूर्णतापात चला। जो विद्यार्थी काउंसिलिंग से पहले अंकपत्र अपलोड नहीं करेंगे उनके प्रवेश में दिक्कतें आ सकती हैं। अंकपत्रों को अपलोड करने की अंतिम तिथि डीडीयू ने 21 जुलाई तक बढ़ा दी है।

- 25 से शुरू होगी ऑनलाइन काउंसलिंग
- अंकपत्र अपलोड करने का सिलसिला जारी
- अंकपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि 21 तक बढ़ी

वहां दें कि गोविवि. ने स्नातक प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम पहले ही घोषित कर दिये हैं। तत्पश्चात को स्नातकोत्तर के प्रवेश परीक्षा परिणाम की घोषणा के उपरांत विश्वविद्यालय अभिनव्यन काउंसिलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ करेगा। यह प्रक्रिया पूर्णि पहली बार विश्वविद्यालय में लागू की गयी है, ऐसे में अभिनव्यन काउंसिलिंग करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने इंटरमीडिएट के अंकपत्र अपलोड करना आवश्यक है। अंकपत्र अपलोड न किये जाने पर काउंसिलिंग की प्रक्रिया में अभ्यर्थी भाग नहीं ले पाएंगे।

सूचना के मुताबिक प्रवेश प्रकोष्ठ द्वारा बार-बार सूचित किये जाने के बाद शुक्रवार को प्रवेश परीक्षाएं देने वाले अभ्यर्थी नींद से जाग गये हैं। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि अभिनव्यन काउंसिलिंग प्रक्रिया 25 जुलाई से शुरू होगी। जबकि अंकपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 21 जुलाई तक कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि जो विद्यार्थी काउंसिलिंग से पहले अंकपत्र अपलोड नहीं करेंगे उनके प्रवेश में दिक्कतें आ सकती हैं। अंकपत्रों को अपलोड करने की अंतिम तिथि डीडीयू ने 21 जुलाई तक बढ़ा दी है।

वहां दें कि गोविवि. ने स्नातक प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम पहले ही घोषित कर दिये हैं। तत्पश्चात को स्नातकोत्तर के प्रवेश परीक्षा परिणाम की घोषणा के उपरांत विश्वविद्यालय अभिनव्यन काउंसिलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ करेगा। यह प्रक्रिया पूर्णि पहली बार विश्वविद्यालय में लागू की गयी है, ऐसे में अभिनव्यन काउंसिलिंग करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने इंटरमीडिएट के अंकपत्र अपलोड करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को काफी संख्या में अभ्यर्थियों ने इंटरमीडिएट एवं स्नातक के अंकपत्र अपलोड किये हैं। हालांकि अभी भी अंकपत्र अपलोड न करने वालों की संख्या भी काफी बतायी जा रही है।

पीजी प्रवेश आवेदक स्नातक तृतीय वर्ष का अंकपत्र करें अपलोड : पीजी, पाक्षात्यकी तथा पीजीडेड प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों ने अब तक अपनी योग्यता प्रदायी परीक्षा अर्थात स्नातक तृतीय वर्ष का अंकपत्र अपलोड नहीं किया है वे अपना अंकपत्र काउंसिलिंग शुरू होने से पूर्व अवश्य अपलोड कर दें। यदि किन्हीं कारणों से उन्हें अंकपत्र नहीं मिल पाया हो तो अभिनव्यन उपलब्ध अंकपत्र की स्वप्रमाणित प्रति अपलोड की जा सकती है। अंकपत्र अपलोड न होने की स्थापना न होने की स्थिति में किसी भी पाठ्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय आवेदन नहीं करेगा। जिससे उनका प्रवेश बाधित हो सकता है।

अभ्यर्थी ऐसे देख सकते हैं रिजल्ट : अभ्यर्थी प्रवेश पोर्टल cbs.ddugu.ac.in पर लॉगिन करेंगे। उसके बाद उपलब्ध परिणाम के बटन पर क्लिक करेंगे। इसके बाद अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि भर कर अपना परिणाम देख और डाउनलोड भी कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन के आदेश से शिक्षकों की बढ़ी बेचैनी

शिक्षण से दूर रहने पर छुट्टी में गिनी जाएगी ड्यूटी

डीडीयू

- सेमिनार, वाइवा, कांफ्रेंस आदि के लिए शहर से बाहर रहने पर ऑन ड्यूटी दिखाते हैं शिक्षक
- बीते दिनों बैठक से डीन समेत कई विभागाध्यक्षों के गायब रहने पर वीसी ने जताई थी नाराजगी

गोरखपुर, निज संवाददाता। किसी भी शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए शहर से बाहर रहने पर गोरखपुर विश्वविद्यालय के शिक्षक यदि शिक्षण कार्य से दूर रहते हैं, तो वे अनुपस्थित माने जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने जारी आदेश में कहा है कि सेमिनार, वाइवा, कांफ्रेंस आदि के लिए शहर से बाहर रहने पर खुद को ऑन ड्यूटी बताने का कोई प्रावधान नहीं है। जिससे शिक्षकों की बेचैनी बढ़ गई है।

दरअसल, विश्वविद्यालय के कुछ शिक्षक दूसरे शहर में सेमिनार, व्याख्या, कांफ्रेंस या अन्य किसी शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए कई दिनों तक शहर से बाहर बिना छुट्टी लिए रहते थे। इस दौरान वे खुद को ऑन ड्यूटी दिखा देते थे। जिससे उनका अध्यापन कम नहीं होता था। ऐसा बार-बार होने की वजह से विश्वविद्यालय में कक्षाओं का संचालन, परीक्षा कार्य और अन्य गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं। इसी को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने ऑन ड्यूटी की व्यवस्था को खत्म कर दिया है। इसका ही असर है कि शिक्षक के शिक्षण दिवसों को कम नहीं किया जाएगा। शिक्षकों को स्टेशन छोड़ने से पहले अब कुलसचिव से अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। वाइवा और विभिन्न कार्यों में भी शिक्षकों को बदलकर कार्य लिया जाएगा, ताकि शिक्षण कार्य प्रभावित न हो। बीते दिनों शीघ्रसमाप्तीय अवकाश के दौरान कई शिक्षक बिना सूचना के शहर से बाहर चले गए थे। बैठकों में कई डीन और विभागाध्यक्ष भी गायब थे, जिसपर कुलपति ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी।

30 दिन की ड्यूटी लीव : शासन के निर्देशानुसार, शिक्षक को पूरे सत्र में अधिकतम 30 दिनका का कार्यकारण (छुट्टी लीव) दिया जा सकता है, जिसमें शिक्षक विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित सभी प्रकार के कार्य करेंगे। किसी कार्यक्रम के लिए यदि वे बाहर जा रहे हैं तो भी छुट्टी लीव में ही गिनी जाएगी। किसी भी दशा में शिक्षक के शिक्षण दिवसों को कम नहीं किया जाएगा। शिक्षकों को स्टेशन छोड़ने से पहले अब कुलसचिव से अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। वाइवा और विभिन्न कार्यों में भी शिक्षकों को बदलकर कार्य लिया जाएगा, ताकि शिक्षण कार्य प्रभावित न हो। बीते दिनों शीघ्रसमाप्तीय अवकाश के दौरान कई शिक्षक बिना सूचना के शहर से बाहर चले गए थे। बैठकों में कई डीन और विभागाध्यक्ष भी गायब थे, जिसपर कुलपति ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी।

छात्रावास नवीनीकरण के लिए 22 तक पंजीकरण

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में पुराने विद्यार्थियों के लिए छात्रावास नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह प्रक्रिया 22 जुलाई तक चलेगी। कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी के अनुसार छात्र समय से अपने-अपने पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेते हुए अपने छात्रावास का नवीनीकरण करा लें।

---

21 तक अंकपत्र अपलोड करें अभ्यर्थी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्नातक और परास्नातक में प्रवेश के लिए करीब 5 हजार अभ्यर्थियों ने अर्हता पाठ्यक्रम का अंक पत्र अपलोड नहीं किया है। ऐसे अभ्यर्थी 21 जुलाई तक अपना अंकपत्र अपलोड कर सकेंगे।

एडमिशन सेल के निदेशक प्रो हर्ष सिन्हा ने बताया कि यूजी के लिए इंटर और पीजी के लिए यूजी तक के अंकपत्र अपलोड करना अनिवार्य है। अंकपत्र अपलोड नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन काउंसलिंग में मुश्किल हो सकती है।